HAMARA MAHANAGAR, Mumbai, 24.12.2023
Page No. 5, Size:(8.53)cms X (3.61)cms.

नई ऊंचाई पर GAIL, एक लाख करोड़ रुपए Mcap वाले क्लब में शामिल

नई दिल्ली। GAIL (इंडिया) का शेयर नई ऊंचाई पर पहुंच गया और इस तरह से कंपनी एक लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण वाले क्लब में शामिल हो गई। सरकारी स्वामित्व वाली गैस पारेषण कंपनी का शेयर शुक्रवार को कारोबारी सत्र के दौरान 8 फीसदी उछल गया।

कंपनी का शेयर 15 दिसंबर के पिछले उच्चस्तर 149.20 रुपए के पार निकल गया। इसका औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम आज चार गुना उछल गया। एनएसई व बीएसई पर दिन में 1.35 बजे तक 6.39 करोड़ शेयरों का कारोबार हुआ। BSE के आंकड़ों के मुताबिक अभी गेल का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपए है। कैलेंडर वर्ष 2023 में अब तक इस शेयर में 59 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है जबकि एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 16 फीसदी चढ़ा है। गेल इंडिया प्राकृतिक गैस की पारेषण व वितरण कंपनी है। कंपनी की गतिविधियों में प्राकृतिक गैस के पारेषण व वितरण से लेकर एलपीजी का प्रसंस्करण व पारेषण शामिल है।